समाचार

# बढ़ती ठंड को देखते हुए वृद्धजनों को किया जा रहा कम्बलों का वितरण

कोरबा 14 दिसम्बर 2020 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए विभिन्न जोनांतर्गत निवास करने वाले शासन से पेंशन प्राप्त वृद्धजनों को कम्बलों का वितरण कराया जा रहा है, निगम के सभी 08 जोन में 200–200 कम्बल उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें वार्ड पार्षदों के सहयोग एवं उनके माध्यम से वार्डो में रह रहे पेंशनधारी वृद्धजनों को कम्बल दिए जा रहे हैं।

जिला खनिज न्यास मद 2019 के तहत हथकरघा विभाग के माध्यम से निगम को 2000 कम्बल उपलब्ध कराए गए थे। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा दर्री तहसील कार्यालय के उद्घाटन के दौरान वृद्धजनों को कम्बल वितरित कर कम्बल वितरण कार्य का शुभारंभ किया गया था। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के निर्देश पर निगम द्वारा जोनवार पेंशन प्राप्त वृद्धजनों की सूची एवं कम्बल जोन कार्यालयों को उपलब्ध कराए गए हैं, जहां से निगम के संबंधित अधिकारी वार्ड पार्षदों के सहयोग एवं उनके माध्यम से कम्बलों का वितरण करा रहे हैं। महापौर श्री प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस. जयवर्धन ने जोन कमिश्नरों व जोन प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि बढ़ती ठंड को देखते हुए शीघ्र से शीघ्र वार्डो में निवासरत पेंशनधारी वृद्धजनों को आयु के घटते क्रम से कम्बल उपलब्ध कराएं जाएं, ज्यादा उम्र के वृद्धजनों को पहले कम्बल दिए जाने के साथ ही सूची में शामिल सभी पेंशनधारी वृद्धजनों को कम्बल मिल जाएं यह सुनिश्चित करें ताकि वृद्धजनों को बढ़ती हुई ठंड में अनावश्यक परेशानी न हों।